**श्रेष्ठ सुप्रभात**

**अपने आराध्य और कार्य के प्रति निष्ठाशील रहो। निष्ठाशील कार्य और आराध्य तुम्हारा भला कर पायेगा।**

-आचार्य महाश्रमण

# NEXT
NEWS EXCELLENT TODAY

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| श्री डूंगरगढ़ | 23.0 | 4.0 |
| बीकानेर | 23.0 | 3.0 |
| जयपुर | 23.0 | 10.0 |

E- Paper NEXT 0009

newsexcellenttoday.com | 20 दिसंबर 2024, शुक्रवार | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष षष्ठी - 2081


### आज के कार्यक्रम

**सुशासन सप्ताह आज**

NEXT। आज सुशासन सप्ताह का आयोजन पंचायत समिति बज्जू और पुगल में आयोजित होगा।

**भागवत कथा श्रीडूंगरगढ़ में**

NEXT। कालूबास स्थित नेहरू पार्क में दोपहर 1बजे से शाम 5बजे तक भागवत कथा आयोजित होगी।

**बंदियों के उत्पादों की प्रदर्शनी**

NEXT। बीकानेर में कारागृह के बंदियों द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी कलेक्ट्रेट में सुबह 11 बजे होगी।

## श्रीडूंगरगढ़ को भाजपा सरकार ने दिया बस स्टैंड का तोहफा
## पहले से धूल फांक रहा एक रोडवेज बस स्टैंड, अब कहाँ बनेगा?

NEXT। श्रीडूंगरगढ़ कस्बे में अब यात्रियों की वर्षों से चीर प्रतीक्षित बस स्टैंड की आवश्यकता पूरी होने वाली है। राजस्थान सरकार ने प्रदेश में 9 नए बस स्टैंड बनाए जाने की मंजूरी दी है जिसमें बीकानेर से श्रीडूंगरगढ़ का भी नाम है। श्रीडूंगरगढ़ के लोग वर्षों से बस स्टैंड निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन दे चुके हैं और आला अधिकारियों, मंत्रियों से गुहार भी लगा चुके हैं। परन्तु सर्दी, गर्मी, बरसात हर एक मौसम की मार उन्हें खुले में खड़े रहकर झेलनी पड़ रही है। अब बस स्टैंड के निर्माण की घोषणा से कुछ राहत की उम्मीद दिखाई दे रही है। सरकार द्वारा 1.5 करोड़ की लागत से बस स्टैंड के निर्माण के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

श्रीडूंगरगढ़ में रोडवेज बस स्टैंड के निर्माण की घोषणा करने के साथ आदेश भी जारी हो चुके हैं परन्तु आमजन के मन में अब भी कुछ यक्ष प्रश्न मुहं खोलकर खड़े हैं।

श्रीडूंगरगढ़ कस्बे के सरदारशहर रोड पर एक के केंद्रीय बस स्टैंड का निर्माण भामाशाह के सहयोग से करवाया गया था परन्तु वर्षों से वह केवल धूल ही फांक रहा है। पूर्व में बीकानेर जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए वहां पर पालिका के सहयोग से साफ-सफाई करवाकर शुरू करने की योजना बनाई गई थी परन्तु वह भी ठंडे बस्ते में चली गई। वहीं कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा एनएच पर घुमचक्कर के पास वनविभाग के क्षेत्र में बस स्टैंड बनाए जाने की मांग भी कई बार की जा चुकी है और कुछेक भामाशाह भी इसके निर्माण के लिए तैयार बताए जा रहे हैं।

ऐसे में अब नया बस स्टैंड कहाँ पर बनेगा और कब तक शुरू होगा, यह कौतूहल का विषय है। इसके साथ ही निजी बसों का संचालन भी वहां से हो पायेगा या नहीं, यह भी बड़ा प्रश्न है क्योंकि श्रीडूंगरगढ़ से होकर सैकड़ों बसें गुजरती है जिसमें लंबे रूट की बसें भी हैं।

## बिजली कटौती से 300 विद्यार्थी परेशान वैकल्पिक व्यवस्था जरूरी

NEXT। परीक्षाओं का दौर जारी है और ग्रामीण इलाके के विद्यार्थी बिना बिजली के स्वयं को हताश महसूस कर रहे हैं। ऐसे में परिजनों का आक्रोश भी बढ़ता का रहा है। क्षेत्र के कल्याणसर पुराना की रोही में ढाणी बनाकर रह रहे मांगीलाल भुंवाल ने पीड़ा जाहिर करते हुए बताया कि पिछले 6महीनों से शाम 7बजे से रात्रि 10बजे तक बिजली गुल रहती है। हमने कई बार विभाग के अधिकारियों को इस बारे में बताया परन्तु स्थिति जस की तस रही। इस रोही में 300से अधिक बच्चे पढ़ने वाले है और उनके अभी परीक्षाएं भी चल रही हैं। ऐसे में रात को बिजली के जाने से उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है और बच्चे मायूस हो रहे हैं। इस बारे में जेईएन दिनेश कुमार का कहना है कि बिजली काटने के ऊपर से आदेश है। ग्रामीण इस दौरान अगर ट्यूबवेल ना चलाए तो घरेलू बिजली देने में कोई आपत्ति नहीं है। परंतु ग्रामीणों द्वारा ट्यूबवेल चलाकर लोड बढ़ा दिया जाता है।

## शीतलहर के मद्देनजर कक्षा 8 तक के निजी विद्यालयों का बदला समय

NEXT। बढ़ती सर्दी का स्कूलों के समय पर भी प्रभाव पड़ा हैं। बीकानेर जिले में शीतलहर के मध्य नजर जिले के समस्त निजी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों का समय अग्रिम आदेशों तक प्रातः 9 से दोपहर 3 बजे तक किया गया है। अन्य कक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित होंगी। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने समस्त निजी विद्यालय संचालकों को इसकी पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जारी आदेशों की अवहेलना करने वाले निजी विद्यालयों पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। शिक्षकों और कार्मिकों का समय यथावत रहेगा।

## साइबर जागरूकता: एपिसोड 03 ऑनलाइन गेमिंग सतर्क रहें, सुरक्षित रहें

साइबर स्कैम के खिलाफ आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य के साथ NEXT द्वारा निरन्तर विभिन्न टॉपिक्स पर एपिसोड चलाए जा रहे हैं। NEXT का उद्देश्य है कि आमजन साइबर फ्रॉड में न फंसे। इसी कड़ी में नेक्स्ट लेकर आया है तो ऑनलाइन गेमिंग से बचाव का तरीका। तो पढ़ते रहे और जुड़े रहे NEXT के साथ।

**ऑनलाइन गेमिंग क्या है?**

आजकल युवा पीढ़ी और बच्चे ऑनलाइन गेम खेलते हैं। ऐसे गेम्स में उन बच्चों को फ्रॉड द्वारा अपने सामने वाले प्रतिद्वंद्वी को हराने की सीख दी जाती है और इसके एवज में कुछ ऑफर्स बताए जाते हैं। बच्चा इन बातों में आकर गेमिंग का शिकार हो जाता है।




**धोखाधड़ी का तरीका**

यह एक बढ़ता हुआ खतरा है, जिसमें बच्चों व युवाओं को लुभाने के लिए नकली गेमिंग ऐप्स व वेबसाइट्स के जरिये व्यक्तिगत जानकारी, बैंक विवरण या क्रेडिट कार्ड की जानकारी चुरा ली जाती है। इनके अलावा कुछ वेबसाइट पर लुभावने ऑफर व लालच देकर पैसे ऐंठ लेते हैं।

## नेताप्रतिपक्ष ने साध्वियों के दर्शन किए



NEXT। श्रीडूंगरगढ़ में मूर्ति पूजक समुदाय की चार साध्वियों के पदार्पण का अवसर एक आध्यात्मिक और सामाजिक संगम बन गया। साध्वियों के दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए नेता प्रतिपक्ष अंजू पारख अपने पार्षदों और प्रतिनिधियों के साथ राजकीय रूपा देवी स्कूल पहुंचीं। साध्वी सिद्धांत ज्योति महाराज ने इस मौके पर अपनी आगामी चातुर्मास यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उनका अगला पड़ाव मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में होगा। उन्होंने अंजू पारख की सामाजिक और राजनीतिक सेवाओं की सराहना की और उन्हें समाज व देश सेवा के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान साध्वियों ने मंगल पाठ सुनाकर उपस्थित लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की। अंजू पारख ने अपने संबोधन में साध्वियों के दर्शन को अपने लिए सौभाग्य बताया और इंदौर में पुनः दर्शन करने की बात कही।

इस दौरान साध्वी अर्हद ज्योति, आराध्याय ज्योति, साध्वी ज्योति ने नेता प्रतिपक्ष के साथ आए पार्षद व प्रतिनिधियों को मंगल पाठ सुनाया। इस दौरान राजकीय रूपा देवी स्कूल के संस्था प्रधान उमाशंकर सारण, स्कूल अध्यापक मालचंद चौधरी, परताराम बाना, पार्षद प्रतिनिधि दाऊद काजी, यूसुफ चूनगर, राजू माली, संदीप मारू, मनोज पारख, कादर सब्जीफरोज, हीरालाल कूकना, मुस्ताक अली काजी, जितेंद्र वाल्मीकि, लालचंद कूकना व बाबूलाल वाल्मीकि सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे।


आज ही NEXT की साइट का विजिट करें और जुड़ें रहिए NEXT से...


## भजनलाल सरकार में मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें तेज
## भांबू, डांगा, सारस्वत के नाम सबसे आगे



NEXT। भजनलाल सरकार के एक साल पूरे होने के बाद मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और वरिष्ठ मंत्री जोगाराम पटेल हाल ही में एक साथ दिल्ली गए हैं। यह माना जा रहा है कि उनकी इस यात्रा का उद्देश्य मंत्रिमंडल विस्तार और प्रदेश के विकास कार्यों की उच्चस्तरीय चर्चा करना था।

**ये विधायक दौड़ में सबसे आगे**

भजनलाल सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार की सुगबुगाहट लंबे समय से चल रही थी, लेकिन हाल ही में हुए उपचुनाव के परिणामों ने इन अटकलों को और तेज कर दिया है। उपचुनाव में 7 विधानसभा सीटों में से 5 पर बीजेपी ने शानदार जीत दर्ज की है। ऐसे में इन सीटों से विजयी विधायकों को मंत्री पद का बड़ा तोहफा मिल सकता है। खींवसर सीट से बीजेपी को 16 साल बाद जीत दिलाने वाले रेवंतराम डांगा का नाम मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए प्रमुख दावेदार माना जा रहा है। वहीं, झुंझुनूं से विधायक राजेंद्र भांबू ने 21 साल बाद जीत दर्ज की है। उनके नाम की चर्चा भी मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए जोर-शोर से हो रही है। इसके साथ ही संगठन में अपनी मजबूत पकड़ रखने वाले और श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचन्द सारस्वत का नाम भी इस दौड़ में चल रहा है। भांबू और डांगा दोनों जाट समुदाय के हैं। अगर एक जाट को ही मंत्रिमंडल में लिया जाता है तो ताराचन्द सारस्वत का नाम मंत्रिमंडल में जुड़ सकता है।

**विस्तार का राजनीतिक महत्व**

इस मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए बीजेपी उन नेताओं को पुरस्कृत करना चाहती है, जिन्होंने पार्टी के लिए उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इससे न केवल इन नेताओं का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि आगामी चुनावों के लिए पार्टी की स्थिति को भी मजबूत किया जा सकेगा।

अब सभी की निगाहें इस पर टिकी हैं कि दिल्ली दौरे के बाद क्या फैसला होता है और मंत्रिमंडल में किन चेहरों को जगह मिलती है।

## भागवत कथा में धूमधाम से कृष्ण जन्मोत्सव मनाया



NEXT। कालूबास के नेहरूपार्क में आयोजित भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। युवा संत शिवेन्द्र स्वरूप महाराज ने कहा कि बिना भगवद् कृपा के जीव के पास भजन करने का सामर्थ्य नहीं होता। यह परमात्मा की कृपा से ही संभव है। जिस दिन हृदय में भगवद् अनुराग उत्पन्न होता है तभी प्राणी ईश्वरोन्मुख हो पाता है। डॉ चेतन स्वामी ने बताया कि शिवेंद्र महाराज 450 से अधिक कथाएं कर चुके हैं।

## स्कूलों में 25 दिसम्बर से नहीं होंगे शीतकालीन अवकाश, संशय बरकरार

NEXT। राजस्थान में वर्षों से चली आ रही 25 दिसम्बर से शीतकालीन अवकाश की परंपरा अब थमने वाली है। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि जब सर्दी तेज होगी तभी शीतकालीन अवकाश शुरू होंगे। ऐसे में शिक्षा विभाग द्वारा अभी तक आधिकारिक रूप से शीतकालीन अवकाश की घोषणा नहीं की है, जबकि शिविरा पंचाग के अनुसार 25दिसम्बर से ही अवकाश शुरू होने है। शिविरा पंचाग में शीतकालीन अवकाश 25 दिसम्बर से 5जनवरी तक होने हैं। हालांकि सर्दी ज्यादा हो तो जिला कलेक्टर द्वारा अवकाश के दिनों की संख्या बढ़ा भी दी जाती है। पिछले कुछ वर्षों में दिसम्बर की बजाय जनवरी में ठंड ज्यादा पड़ रही है। ऐसे में शिक्षा विभाग अवकाश की तारीखों में बदलाव पर विचार कर रहा है। जल्दी ही शिक्षा विभाग की ओर से आधिकारिक घोषणा आने की उम्मीद है।